कार्यालय प्राचार्य, किरोड़ीमल शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)
(अग्रणी महाविद्यालय)

फोन/फैक्स न.–07762–222966, E-mail-kgcraigarh1958@gmail.com Website:www.kgcollegeraigarh.ac.in

क्र./ 118 /प्रवेश/2020–21 रायगढ़, दिनांक – 04.08.2020

// प्रवेश सूचना //

किरोड़ीमल शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2020–21 में स्नातक (बी.एस–सी./बी.ए./बी.कॉम./बी.सी.ए.) स्तर के प्रथम सेमेस्टर में छात्रों के ऑनलाईन पद्धति से प्रवेश हेतु फार्म भरने की **तिथि दिनांक 05.08.2020 से दिनांक 25.08.2020 तक** निर्धारित की जाती है–

टीप :– ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश आवेदन पत्र भरने तथा प्रवेश संबंधी समस्त प्रक्रियाएं, कोविड–19 के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिये शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए किया जाना सुनिश्चित करें।

छात्र/छात्राओं हेतु निर्देश :–

- प्रवेश आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन माध्यम से ही जमा किया जा सकेगा। किसी भी परिस्थिति में अन्य माध्यमों से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगें तथा इस हेतु छात्रों को महाविद्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।
- महाविद्यालय द्वारा विकसित प्रवेश संबंधी ऑनलाईन पोर्टल पूर्णतः मोबाईल फ्रेंडली है। अतैव छात्र आवेदन पत्र मोबाईल के माध्यम से भी भर सकते है। इसके लिये उन्हें सायबर कैफे या अन्य जगह जाने की आवश्यकता नहीं होगी।
- ऑनलाईन आवेदन करते समय छात्रों को अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। छात्र अपना स्वयं का मोबाईल नंबर/व्हाट्सएप नंबर तथा ई–मेल आईडी का ही उपयोग करें। अन्यथा की स्थिति में छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे। **छात्रों का मोबाईल न. एवं स्वयं का E-Mail ID होना अनिवार्य है।**
- प्रवेश आवेदन पत्र भरने हेतु 50 रूपये (पचास रूपये मात्र) शुल्क निर्धारित है जो ऑनलाईन (SBI Collect के माध्यम से मेन्युल वेबसाईट पर उपलब्ध है) देय होगा। छात्र login करके अपने फार्म का प्रिंट कभी भी निकाल सकते है।
- आवेदन पत्र का पंजीयन हेतु छात्रों को महाविद्यालय के वेबसाईट kgcollegeraigarh.ac.in में जाकर विभिन्न चरणों का पालन करते हुए पूर्ण करना होगा।
- निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् मेरिट सूची महाविद्यालय के शिक्षण विभागों द्वारा जारी की जावेगी एवं छात्रों को संस्था के निर्देशानुसार निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश लेना होगा।
- वर्तमान प्रवेश प्रक्रिया केवल स्नातक प्रथम वर्ष के लिये है। स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पृथक अधिसूचना के माध्यम से जारी की जावेगी।

(डॉ. ए.के. तिवारी)
प्राचार्य

प्रतिलिपिः–

पृ.क्र./ 119 /प्रवेश/2020–21 रायगढ़, दिनांक – 04.08.2020

1. माननीय कुलपति महोदय के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सचिव, छ0ग0 शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
4. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, रायगढ़ संस्करण को इस निवेदन के साथ कि उक्त अधिसूचना को छात्रहित के दृष्टिगत अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में समाचार के रूप में प्रकाशित/प्रसारित करने का कष्ट करें।
5. कार्यालयीन प्रति।

(डॉ. ए.के. तिवारी)
प्राचार्य